मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019–

**बिहार सरकार**

**ग्रामीण कार्य विभाग**

**संकल्प**

पटना, दिनांकः– 21/04/2022

**विषयः–पटना जिलान्तर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना के अंतर्गत पटना बख्तियारपुर फोर लेन (एन0एच0–30) के 49 वें कि0मी0 से चेरो–नगरनौसा आर0सी0डी0 पथ के 5 वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक सड़क निर्माण कार्य में रैयती भूमि की अधिप्राप्ति हेतु स्वीकृत बिहार रैयती भूमि लीज नीति, 2014 को उचित प्रतिकर का अधिकार एवं भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनः बंदोबस्ती में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 में सम्परिवर्तित करने के संबंध में।**

1. पटना जिलान्तर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना के अधीन पटना बख्तियारपुर फोर लेन (एन0एच0–30) के 49 वें कि0मी0 से चेरो–नगरनौसा आर0सी0डी0 पथ के 5 वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक 7.48 कि0मी0 सड़क निर्माण कार्य की पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति मंत्रिपरिषद् की स्वीकृति के उपरान्त विभागीय पत्रांक मु0अ0–4(मु0)रा0यो0–03–25–2019–986 दिनांक–23.03.2021 द्वारा 6173.159 लाख रू0 (इकसठ करोड़ तिहत्तर लाख पन्द्रह हजार नौ सौ रू0) मात्र की लागत पर दी गई थी।

2. पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति में बिहार रैयती भूमि लीज नीति, 2014 के तहत रैयती भूमि अधिप्राप्ति हेतु 2012.00 लाख (बीस करोड़ बारह लाख रू0 मात्र) का प्रावधान सन्निहित है।

3. विषयगत पथ का निर्माण कार्य वित्तीय वर्ष 2022–23 में पूर्ण करने का लक्ष्य है।

4. पटना जिलान्तर्गत कुल 155 (एक सौ पचपन) एवं नालन्दा जिलान्तर्गत कुल 157 रैयतों से भूमि अधिग्रहित की जानी है।

5. कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल पटना द्वारा सतत् लीज पर भूमि अधिप्राप्ति हेतु दिनांक 07.04.2021 को दैनिक अखबार प्रभात खबर एवं टाइम्स ऑफ इन्डिया में तथा दिनांक 23.10.2021 को दैनिक अखबार प्रभात खबर, टाइम्स ऑफ इन्डिया तथा दैनिक जागरण में सूचना प्रकाशित की गयी। इसके बावजूद अभी तक पटना जिलान्तर्गत 155 रैयतों में से मात्र 40 तथा नालन्दा जिलान्तर्गत 157 रैयतों में से मात्र 29 रैयतों की ही सहमति प्राप्त हो सकी है।

6. सतत् लीज नीति के तहत रैयती भूमि अधिप्राप्ति में संभावित विलम्ब दृष्टिगोचर होने पर योजना क्रियान्वयन इकाई द्वारा भूमि अधिप्राप्ति सतत् लीज के बदले भू–अर्जन कानून 2013 के तहत करने का अनुरोध किया गया है। ऐसा करने से कोई अतिरिक्त व्यय अनुमानित नहीं है।

7. योजना के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना द्वारा कार्य योजना उपलब्ध करायी जाएगी और उसके अनुरूप कार्यो को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समीक्षा समय–समय पर ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा की जायेगी।

8. विषयगत प्रस्ताव पर लोक वित्त समिति की अनुशंसा योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 60 लो०वि०/यो०वि० पटना दिनांक 28.01.2022 द्वारा प्राप्त है।

9. पटना जिलान्तर्गत, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना के अंतर्गत पटना बख्तियारपुर फोर लेन (एन0एच0–30) के 49 वें कि0मी0 से चेरो–नगरनौसा आर0सी0डी0 पथ के 5 वें कि0मी0 छठ्ठी घाट तक सड़क निर्माण कार्य में रैयती भूमि की अधिप्राप्ति हेतु स्वीकृत बिहार रैयती भूमि लीज नीति, 2014 को उचित प्रतिकर का अधिकार एवं भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनः बंदोबस्ती में पारदर्शिता अधिनियम, 2013 में सम्परिवर्तित करने के प्रस्ताव पर बिहार मंत्रिपरिषद् की दिनांक 18.04.2022 की बैठक में मद संख्या–4 के रूप में स्वीकृति प्राप्त है।

email
21/4/22

**आदेशः–** आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प को बिहार राज्य पत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित किया जाय एवं इसकी प्रतिलिपि सरकार के सभी विभागों एवं महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ भेजी जाए।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

20/04/22

(पंकज कुमार पाल)
सचिव
ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04/22
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– महालेखाकार, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04/22
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– अधीक्षक, राजकीय मुद्रणालय, गुलजारबाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि इसे बिहार राजपत्र के असाधारण अंक में प्रकाशित करते हुए इसकी पाँच सौ प्रतियाँ विभाग को उपलब्ध कराने की कृपा करें।

20/04/22
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार/विकास आयुक्त, बिहार/महामहिम राज्यपाल के प्रधान सचिव/माननीय मुख्यमंत्री के सचिव/सरकार के सभी विभागों के प्रधान सचिव एवं सचिव/सभी विभागाध्यक्ष/सभी प्रमण्डलीय आयुक्त/सभी जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04/22
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– अभियंता प्रमुख/सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग तथा मुख्यालय स्थित सभी पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

20/04/22
सरकार के सचिव

ज्ञापांकः– मु0 अ0–4 (मु0)रा0यो0–03–25/2019 – 1857 /पटना, दिनांकः–21/4/2022

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव को माननीय मंत्री के अवलोकनार्थ उपस्थापित करने हेतु प्रेषित।

सरकार के सचिव
20/04/22